तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 25 अगस्त 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

हलषष्ठी पर्व पर महिलाओं ने रखा निर्जलाव्रत...

सुहेला-रावन। ग्राम रावन के दमांदपारा में हलषष्ठी का पर्व महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस पर्व पर महिलाओं ने बच्चों और पति की सुख-समृद्धि और दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रख हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना की और पसहरा चावल की खिचड़ी खाकर व्रत तोड़ा।

खबर संक्षेप

शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ाया युवक

सिमगा। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने शराब कोचिया के खिलाफ कार्रवाई की और उसके कब्जे से 65 पौवा शराब जब्त की। आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तर कर जेल भेजा गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी अनुसार शनिवार को गस्त के दौरान अवैध रूप से शराब परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मार कार्यवाही की। इस दौरान सूरज पिता गणेश राम यादव 28 वर्ष साकिन वार्ड 4 सिमगा थाना सिमगा के वाहन की तलाशी लेने पर स्कूटी क्रमांक सीजी 07 एलबी 0981 में 65 पौवा 11.700 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम–1915 की धारा–34(2) 59(क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को न्यायालयीन अभी रक्षा में भेजा गया।

क्रीड़ा भारती करेगा जिला स्तरीय खेल सप्ताह का आयोजन

भाटापारा। क्रीड़ा भारती जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिला स्तरीय खेल सप्ताह का आयोजन आयोजन 29 से 4 सितंबर तक किया जा रहा है। इसमें कुराश, जूडो, बास्केटबाल, नेटबाल, कैरम का आयोजन जिले में विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। उक्त जानकारी क्रीड़ा भारती जिला मंत्री आदित्य सिंह ने दी।

कृष्ण जन्माष्टमी पर 26 को शुष्क दिवस

महासमुंद। जिले में कृष्ण जन्माष्टमी पर शराब दुकानें बंद रहेगी। राज्य शासन द्वारा सोमवार 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल 3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट, देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कंपोजिट आहातों को बंद रखने आदेशित किया है।

दो लोगों ने की युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगररक्सा में शख्स से मारपीट करने पर दो लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज किया गया है। इंद्रकुमार बरिहा ने पुलिस को बताया कि वह जब घर अंदर परछी सोए थे, तभी रात्रि करीबन 9 बजे मेरे गांव का राजेश बरिहा, खगेश्वर बरिहा दोनों मेरे घर के दरवाजा को खोलकर घर अंदर घुसकर मुझे उठाया और गाली देते हुए बोले कि तुम पिंटू को अपने साथ क्यों सुलाए हो, हम लोग मुर्गा भात खाने के लिए पिंटू को ढूंढ रहे हैं। तब प्रार्थी ने कहा कि मैं पिंटू को नहीं लाया हूं इतने में राजेश एवं खगेश्वर दोनों एक राय होकर गाली देते हुए जान से खत्म कर देंगे कहकर डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपियों पर धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

पर्व : पसहर चावल, लाई, चुकिया, काशी फूल से महिलाओं ने सगरी सजाई

संतान की दीर्घायु एवं उन्नति के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

संतान की दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की कामना को लेकर शनिवार को हलषष्ठी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने घर के आंगन में सगरी बनाकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की तथा पसहर चावल का सेवन कर व्रत को पूर्ण किया। भादों कृष्ण षष्ठी को प्रतिवर्षानुसार मनाए जाने वाला हलषष्ठी पर्व नगर सहित अंचल में धूमधाम के साथ मनाया गया। पूजा पाठ की तैयारी को लेकर महिलाएं सुबह से ही जुटी रहीं तथा बच्चों की सुख समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना को लेकर व्रत रखा। हलषष्ठी के दिन प्रमुख रूप से भगवान कार्तिकेय की जयंती के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संतानधारी महिलाएं काफी संख्या में व्रत रख पूजा-अर्चना में लगी रही। घरों के अलावा मंदिरों में पूजा पाठ का दौर सुबह से शाम तक चलता रहा। व्रतधारी माताओं ने घर के सामने सगरी का निर्माण किया, जिसमें नदी, पर्वत का दृश्य भी अंकित था और पीढ़े तथा नंदी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा पाठ दोपहर 12 बजे के बाद प्रारंभ हुआ। पूजा के रूप में उपयोग किए जाने वाले नारियल, अगरबत्ती, कुमकुम, बंदन, चंदन, फलाहार के साथ लाई, चना, मूंग, गेहूं, अरहर, दोना पत्तल सहित सात प्रकार के अनाज चढ़ाकर शिव पंचायत की पूजा की गई। पूजा में महुआ बीज, दही, घी रखकर पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना घरों के अलावा मठ मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित अनेक स्थानों व घरों में भी चला, जहां सामूहिक रूप से सैकड़ों महिलाएं एकत्रित हुई तथा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर संतान के दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए भगवान से मन्नतें मांगी।

पसहर चावल खाकर तोड़ा उपवास

मंदिरों में पूजा पाठ के दौरान पंडितों ने भगवान शिव गणेश की 6 कथाएं सुनाई जिसे व्रतधारी माताओं ने सुना तथा हलषष्ठी व्रत के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पूजा-अर्चना के बाद माताओं ने अपने बच्चों के पीठ पर सात रंगों के कपड़े के टुकड़ों से निशान लगाकर लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। पूजन सामग्री पूजा में समर्पित करने के बाद व्रतधारी माताओं ने पसहर चावल खाकर उपवास तोड़ा तथा भैंसी का दूध और दही व घी का भी उपयोग किया। शहर के साथ-साथ कसडोल वा ग्रामीण क्षेत्रों में भी हलषष्ठी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। अंचल के कसडोल में रामजानकी नगर, थाना परिसर, सिरपुर रोड, बलार रोड सहित भागवत भवन के समीप कई सन्तानधारी महिलाओं ने पूजा अर्चना की और पसहर चावल खाकर अपना व्रत तोड़ा।



बेर, पलाश, कुश की टहनियों से सजी सगरी

पवनी। जुग-जुग जिए हमारो लाल भगवान ऐसा दियों वरदान, इस मंगलकामना के साथ सगरी के सामने वचन दोहराते हुए नगर सहित ग्रामीण अंचल क्षेत्र में माताओं ने शनिवार को परंपरानुसार हलषष्ठी का व्रत रखकर संतान की दीर्घायु व सुख–समृद्धि की मनोकामना की। दिनभर निराहार रहकर पूजा–अर्चना व कथा श्रवण के बाद पसहर चावल की खिचड़ी खाकर अपना व्रत तोड़ा। माताएं सुबह से ही व्रत को लेकर तैयारियों जुटी थीं। पूजा स्थल के पास जलकुण्ड बनाकर उसके चारों ओर, बेर, पलाश, कुश आदि की टहनियां सजाई गईं। मिट्टी से निर्मित भगवान शंकर, माता पार्वती, गणेशजी की मूर्ति स्थापित की गई। व्रती महिलाओं द्वारा संतान के सुख-समृद्धि के लिए भगवान शंकर व माता पार्वती को पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ महुआ, तिवंरा, गेहूं, चना, लाई, दूध, दही, नारियल, छह प्रकार की भाजी आदि का भोग लगाया। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर कथा श्रवण की। हलषष्ठी व्रत को लेकर चौक–चौहारों सहित घरों में सगरी की खुदाई की जाती है। इसके साथ ही मान्यतानुसार जिन माताओं को संतान सुख प्राप्त नहीं होता वें अपने घर में ही सगरी खोद पूरे विधान से पूजा अर्चना करती हैं। कई जगह हुए आयोजन–हलषष्ठी पर्व को लेकर माताएं पूरी श्रद्धा में लीन दिखी। नगर में राधा—कृष्ण मंदिर के पास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आजाद चौक, संतोष चौक, बजरंग चौक, नाटक चौरा, नीचे सिटीपारा, उपर सिटीपारा, यादव चौक, बस स्टैंड चौक, लोहार पारा, सदर पारा चौक पर सगरी खोदकर माताओं ने पूजा अर्चना की।

महिलाओं ने सुनी हलषष्ठी की कथा

भवानीपुर। अंचल में जगह-जगह हलषष्ठी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सभी माताओं ने अपने बच्चों की दीर्घायु एवं परिवार में सुख समृद्धि के लिए सागरी पूजन किया। इसमें पंडित उमा शंकर तिवारी, पुष्पा तिवारी द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चना कर हलषष्ठी कथा सुनाई गई। हलषष्ठी का अर्थ बलरामजी हल को धारण करने वाले हैं, जिनके उन्हें कारण हलधर भी कहा जाता है। साथ ही षष्ठी तिथि में बलदाऊ का जन्मदिन पड़ने के कारण इस व्रत का नाम हलषष्ठी व्रत पड़ा।हलषष्ठी व्रत को बलदाऊ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया जाता है। ग्राम भवानीपुर, खपरी, सिसदेवरी, वटगन, गिधपुरी, भरुवाड़ीह, मलपुरी, रिवाडीह, बम्हनी, चरौदा आदि गांवों में हलषष्ठी पूजन किया गया। इस अवसर पर पं. शेखराम शर्मा, विपिन शर्मा, दिनेश पांडे, रघुवर दास वैष्णव, प्रीति झा, गौरी निषाद, भगवनती निषाद, दुर्गा धरुवा, सावित्री निषाद, फेकन साहू, रुक्मणी सेन, हेमलता कनौजे, भावनी निषाद, प्रभा सविता ध्रुव, सावित्री साहू, देवकी साहू, सविता साहू, फूल निषाद, कुन्ती जानकी चंद्राकर, इंद्राणी तिवारी, अनीता तिवारी, पुष्पा तिवारी, सुषमा चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, सीमा फेकर, सरोजिनी चंद्राकर, लता चंद्राकर, लता साहू, पुष्पा साहू, मेनका साहू, गायत्री साहू, हेमिन साहू, संतोषी सेन, देवकी साहू, दुलारी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित होकर पूजन किया।

माताओं ने विधि–विधान से की हलषष्ठी की पूजा

हिरमी रावन। अंचल में संतान की दीर्घायु और कुशलता के लिए महिलाओं ने शनिवार को हलषष्ठी का व्रत रखा। हलषष्ठी के दिन महिलाएं सुबह स्नान कर व्रत का संकल्प लीं। इसके बाद घर या बाहर कहीं भी दीवार पर भैंस के गोबर से छठ माता का चित्र बनाया। फिर भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा की पूजा कर छठ माता की पूजा की। कई जगह महिलाओं ने घर में ही गोबर से प्रतीक रूप में तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी के पेड़ लगाए और वहां पर बैठकर पूजा अर्चना की और हल षष्ठी की कथा सुनी। कुथरौद की महिलाओं ने हलषष्ठी का व्रत रखा। प्रोजेक्ट कालोनी की महिलाओं ने शिव मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ हलषष्ठी का व्रत रखा और विधि–विधानपूर्वक पूजा–अर्चना की। यह जानकारी शैल वर्मा, अध्यक्ष मानस महिला मंडल प्रोजेक्ट कालोनी ने दी।

छह प्रकार की भाजी सब्जी खाकर तोड़ा निर्जला व्रत

मुंडा। पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाला यह त्यौहार भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की षष्टि तिथि शनिवार को मनाया गया। हल षष्ठी का पर्व खास कर संतान की सुख के लिए व पारिवारिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताएं निर्जला व्रत रहकर पूजा के लिए थाली सजाकर पसहर चावल, लाई, महुआ फल, चुकिया, नारियल, काशी फुल लेकर सागरी के पास पहुंची और हलषष्ठी देवी की पूजा अर्चना की। महाराज द्वारा कथा वाचन किया गया और कथा समापन बाद प्रसाद वितरण किया गया। माताएं अपने–अपने घर पहुंच कर घर में भैंस का दूध, दही, घी, पसहर चावल, छह प्रकार की भाजी की सब्जी, महुआ पत्तल में रखकर हलषष्ठी देवी की पूजा अर्चना कर निर्जला व्रत तोड़ा। कथा में हर्ष नंदनी तिवारी, ऋचा तिवारी, दिव्या बाई, वर्मा सचि बाई, सावित्री बाई, सरोजिनी बाई, कुंवारिया बाई, फेकन, ऊमती, शशि वर्मा, गंगाबाई, व मोहल्ला वासी सम्मिलित हुए।

महिलाओं ने संतान की लंबी उम्र के लिए रखा कमरछठ व्रत

पलारी। क्षेत्र में हलषष्ठी या कमरछठ का पर्व विधि पूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु की कामना के लिए हलषष्ठी का व्रत रखा। महिलाएं कई स्थानों पर एकत्रित हुईं और सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। ग्राम दतान, घिरघोल ,सकरी, साराडीह, घोटिया, कुसमी, सर्रा, देवसुंद्रा सहित सभी स्थानों पर भी महिलाओं ने एक साथ पूजा अर्चना की। इस विषय पर जानकारों ने बताया कि माताएं हलषष्ठी का व्रत संतान की लंबी आयु की प्राप्ति के रखती है। इस दिन व्रत के दौरान वह कोई अनाज नहीं खाती तथा महुआ की दातुन करती हैं। हलषष्ठी व्रत में हल से जुता हुआ अनाज और सब्जियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इस व्रत में वही चीजें खाई जाती हैं जो तालाब में पैदा होती हैं- जैसे केर्मुआ का साग, पसहर का चावल आदि। इस व्रत में गाय के किसी भी उत्पाद जैसे दूध, दही, गोबर आदि का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। हलषष्ठी व्रत में भैंस का दूध, दही और घी का प्रयोग किया जाता है। इस व्रत के दिन घर या बाहर कहीं भी दीवाल पर भैंस के गोबर से छठ माता का चित्र बनाते हैं। उसके बाद गणेश और माता गौरा की पूजा की। महिलाएं घर में ही तालाब बनाकर, उसमें झरबेरी, पलाश और कांसी के पेड़ लगायी और वहां पर बैठकर पूजा अर्चना की। इसके बाद प्रणाम कर पूजा समाप्त की। हलषष्ठी व्रत महिलाओं अपने पुत्रों की दीर्घायु के लिए रखा। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान हलधर उनके पुत्रों को लंबी आयु प्रदान करते हैं।

पूर्व माध्यमिक शाला में दिया गया प्रशिक्षण

शिक्षकों ने सीखा डिजिटल क्लास संचालन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में शिक्षक-शिक्षिकाओं को 3 से 24 अगस्त तक पूर्व माध्यमिक शाला में खरोरा में प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य समग्र शिक्षा के अंतर्गत डीजी दुनिया, आईसीटी योजना के तहत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास रूम का उपयोग नियमित अध्ययन–अध्यापन में किए जाने, शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापुर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसमें डिजिटल क्लास को संचालित कराए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया, जैसे ओपीएमएस पोर्टल से लैब-डिजिटल क्लास संचालन की एंट्री करना, प्रोजेक्टर से लिर्निंग मटेरियल एलएमएस(एमबीडी) के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, ऐसे अनेक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवं पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली गई। इस प्रशिक्षण में शासकीय हाई स्कूल भड़हा, घिवरा, कठिया नंबर-1, अड़सेना, मुरा, हायर सेकंडरी से भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा, मोहरेंगा, मढ़ी, खौना, गनियारी, असौंदा, बेल्दारसिवनी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के आईसीटी जिला समन्यवक ढाकेंद्र कुमार, प्रधान पाठक सुशीला वर्मा और कार्यशाला का मास्टर ट्रेनर अमर बर्मन द्वारा दिया गया।

छात्रों ने सीखा जंगली जानवरों से बचने के गुर

खरोरा। चतुर्थ शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शाला प्रमुख मनहरण वर्मा ने बच्चों को बताया कि जंगली जानवरों से सुरक्षित दूरी कैसे रखें की जानकारी दी। उन्होंने कहा यदि आपका सामना शेर, चिता, बाघ से हो जाए जो जंगल का सबसे खतरनाक जानवर है। हमें उनकी आंखों में आंख मिलाकर धीरे –धीरे पीछे उल्टा पांव चलना चाहिए। फिर भी शेर, चीता, बाघ आदि हिंसक पशु हमला करने की स्थिति में हो तो हमें अपने हाथों को उठाकर बड़ा दिखाने की कोशिश करना चाहिए। अगर आपका सामना हाथी से हो जाए तो हाथी के सामने हमें सीधे खड़े होकर उनकी आंखों में आंख मिलाकर धीरे से पीछे हट जाना है, हाथी फिर भी हमलावार है तो ऊबड़ खाबड़, गड्ढे की ओर तेजी से भाग जाना चाहिए। अतः हमें जंगली जानवरों से बचाने के लिए अकेले जंगल नहीं जाना चाहिए। जंगली जानवरों से एक निश्चित दूरी बनाए रखना चाहिए। यह जानकारी शाला के शिक्षक विशेषर वर्मा ने दी। साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल शिक्षक महिलांगर, हेमकुमारी साहू एवं मनीष वर्मा उपस्थित थे।

कृष्ण जन्माष्टमी पर होगी दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता

पलारी। कृष्ण जन्माष्टमी पर अंचल में जगह-जगह मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं नगर पलारी में भी कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बाजार चौक में दही हांडी फोड़ एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा द्वारा हंडी फोड़ में विजेता टीम को 5001 रुपए एवं मटका फोड़ में विजेता को 1000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं 1 से 10 वर्ष के बच्चों को श्री कृष्ण के बाल लीला पर आधारित पोषाक प्रतियोगिता पर सांत्वना राशि प्रदान करेंगे।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

रायपुर। बेटी बचाओ मंच विप्रनगर के पदाधिकारियों ने आसपास के घरों के उद्यानों में पपीता, बिही, रातरानी, गुड़हल, बेला व अन्य फल-फूलदार पौधे लगाए। वहीं तालाब किनारे आम, जामुन, बेल के पौधे लगाए। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पदाधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन की शपथ दिलाई। आयोजन में मुख्य रूप से विप्रनगर अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, प्रचार सचिव लीना सिन्हा सहित पदाधिकारी श्रद्धा उपाध्याय, रीता शर्मा, सीमा कश्यप, कविता शर्मा, आरती जैन, भावना ग्वाल व सदस्य शामिल हुए।

कोलकाता केस, निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

रायपुर। कलकत्ता में महिला चिकित्सक से हुई दुखद घटना के विरोध में दोषियों को सख्त सजा दिलाने रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने कैंडल मार्च निकाला एवं दिवंगत चिकित्सक को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, डॉ. मनोज ठाकुर, बिहारी लाल शर्मा, प्रवक्ता चेतन चंदेल, राजू साहू, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नामोचंद मोरियानी, अन्नपूर्णा शर्मा, अरुणा यादव, रामभरोसे अग्रवाल, छबिलाल सोनी, राज श्रीवास, राजू श्रीवास, रमेश दाऊलाल श्रीवास, नारायण प्रसाद सेन आदि ने इस जघन्य कांड के आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

डीडी राशि जमा नहीं करने पर राशन दुकान सस्पेंड

रायपुर। जिला खाद्य विभाग ने डीडी राशि जमा नहीं करने के मामले में एक राशन दुकान को सस्पेंड कर दिया है। दुकान का संचालन महिला शक्ति स्वसहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के संचालक के निर्देश है कि राशन दुकान के संचालकों द्वारा डीडी राशि समय पर जमा कराई जाए। समय पर डीडी राशि जमा नहीं करने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बाधा उत्पन्न होती है। विभाग के इस निर्देश के परिपालन में राशन दुकान समय पर डीडी राशि जमा करा रहे है या नहीं इसका निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर से जानकारी मिली कि गुढ़ियारी स्थित 441001335 आईडी की राशन दुकान द्वारा 26 हजार रुपए की डीडी राशि समय पर जमा नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के अंतर्गत यह दंडनीय है, इसलिए इस मामले में दुकान को निलंबित किया है।

रिश्वत मामला, सरपंच की जमानत अर्जी खारिज

रायपुर। जमीन के नक्शे और एनओसी देने के लिए 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए डोमा ग्राम पंचायत के सरपंच देव सिंह बघेल का कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। आरोपी ने स्वयं को निर्देश बताते हुए झूठे मामले में फंसाए जाने की बात कहते हुए जमानत का लाभ दिए जाने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए अदालत को बताया कि सरपंच देव सिंह बघेल और सचिव धर्मेंद्र कुमार जायसवाल को जांच एजेंसी ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। जमानत दिए जाने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।

निधि आपके निकट 27 को

रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 27 अगस्त को निधि आपके निकट के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

आठ बार टेंडर पर निगम की 208 दुकानें लीज पर लेने में व्यापारी नहीं ले रहे रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर निगम प्रशासन ने आय बढ़ाने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में 32 स्थानों पर व्यावसायिक मार्केट विकसित करते हुए 4060 दुकानों और हाल का निर्माण करवाया है। इनमें से जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने के लिए प्रक्रिया की गई, उनको लेने में ही रुचि ली। जिन दुकानों को 10 से 30 साल के लिए लीज पर देने के लिए पांच साल में 8 बार टेंडर किया, उन्हें लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इससे 208 दुकानें खाली हैं। राजधानी में निगम ने विभिन्न मार्गों पर व्यावसायिक बाजार डेवलप करने के बाद कमाई बढ़ाने का प्रयास तो किया है, लेकिन इनमें सात मार्केट में दुकानें खाली पड़ी हैं। इसकी पड़ताल में पता चला कि निगम ने जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने की मुहिम चलाई, उसे लोगों ने लिया है। वहीं जिन दुकानों को लीज पर देने के लिए पांच साल में आठ बार टेंडर किया, वे अभी तक विरान पड़ी हैं। इनमें जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में विकसित किया गया हाल भी शामिल है। इनसे कमाई की उम्मीद में निगम के पास बार-बार टेंडर निकालने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। इसके बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा हैं। इससे निगम की कमाई अटकने के साथ ही हर साल मेंटेनेंस पर लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है।

अलग खबर

रायपुर निगम 5 साल से कर रहा प्रयास पर सिर्फ लाइसेंसी दुकानें ही हुई बुक

इस वजह से रिस्पांस नहीं

लीज पर निगम की दुकानों को लेने में लोग रुचि क्यों नहीं ले रहे हैं, इसकी वजह जांचने पर पता चला कि निगम ने लीज की राशि अलग-अलग क्षेत्र के लिए लाखों रुपए तय की हैं। इसके चलते कम लागत में व्यावसाय शुरू करने की इच्छा रखने वाले मार्केट की खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उससे कम में उन्हें किराए की दुकान आसानी से मिल रही है। इसके चलते वे निगम के द्वारा विकसित किए गए बाजार में जाने से बच रहे हैं। इसका खामियाजा निगम को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। मार्केट की इन दुकानों को व्यवस्थित करने मेंटेनेंस भी करवा रहे हैं।

यहां की दुकानें वर्षों से खाली

निगम ने शहर में निर्मित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की 948 में से 100 दुकानें पांच साल में किसी को 10 साल की लीज पर देने की मुहिम में सफल नहीं हुआ। वहीं जवाहर बाजार की 168 में से 16 दुकानों को व्यापारी रिस्पांस नहीं दे रहे हैं। क्रिस्टल आर्केट व मोहबा बाजार के पास विकसित किए गए मार्केट में भी 31 में से 23 दुकानें विरान है। अग्रसेन चौक मंगलम भवन के पास 88 में से 05 दुकानें खाली हैं। गांधी मैदान की 84 में से 62 दुकानें वर्षों स टेंडर का हिस्सा हैं। कंकालीपारा में एक दुकान तो जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग का हाल भी खाली है।

फिर करेंगे टेंडर

जिस-जिस क्षेत्र की दुकाने खाली हैं, उन्हें लीज पर देने के लिए जल्द ही जरूरी सुधार करवाया जाएगा। इसके बाद फिर से टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। इसके पहले दुकानों की जांच करवाने के बाद जरूरी काम करवाने के लिए दिशा-निर्देश दिया है।
- **आरके डोंगरे,** उपायुक्त, बाजार विभाग, नगर निगम, रायपुर

हाईकोर्ट ने पूछा- क्या अभी भी बिलासपुर जोन में स्पेशल बनकर चल रही ट्रेनें?

कोरोना खत्म, पर लोकल ट्रेनों से नहीं हटा स्पेशल टैग, कभी रद्द तो कहीं हो जाती है खड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब भी लोकल ट्रेन स्पेशल बनाकर चलाई जा रही है, जबकि रेलवे ने सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों से स्पेशल टैग पहले ही हटा दिया गया है। लोकल से यह टैग जोन ने अभी तक नहीं हटाया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने पूछा कि क्या अभी भी बिलासपुर जोन में स्पेशल बनकर चल रही हैं ट्रेनें। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम को शपथपत्र के साथ जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं। हरिभूमि ने स्पेशल टैग को लेकर पड़ताल की। याचिकाकर्ता अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव का कहना है कि ट्रेन के विलंब से चलने का डाटा रेलवे बोर्ड को केवल नियमित ट्रेनों का दिया जाता है। स्पेशल ट्रेन अगर कितनी भी विलंब से चले इसका डाटा बोर्ड तक नहीं पहुंचता है। बीते कुछ महीने में जोन में सार्वाधिक लोकल ट्रेनों को रद्द किया है। स्पेशल टैग होने से जोन अपनी सुविधा अनुसार रद्द कर देता है। बाकी नियमित ट्रेनों को रद्द रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है।

- मेल एक्सप्रेस ट्रेनों से रेलवे ने हटा दिया है स्पेशल टैग, लोकल अब भी स्पेशल बनकर चल रही

आउटर में खड़ी रहती है घंटों ट्रेन

स्पेशल टैग होने से रेलवे बोर्ड तक लोकल ट्रेन के लेटलतीफी का डेटा नहीं भेजा जाता है। इसका फायदा का रेलवे का ऑपरेटिंग विभाग उठाता है। विलंब एक्सप्रेस ट्रेनों का समय सुधारने के लिए आउटर में ट्रेनों को घंटों रोका जा रहा है। स्पेशल टैग हटने से जोन को बाकी ट्रेनों की तरह लोकल ट्रेन का डाटा देना होगा।

डिप्टी सॉलिसिटर की जानकारी को याचिकाकर्ता ने ठहराया गलत

रेलवे की तरफ से उपस्थित डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि 21 फरवरी 2024 से रेलवे बोर्ड ने सभी पैसेंजर और लोकल और मेमू ट्रेनों को भी रेगुलर ट्रेन के रूप में चलने का आदेश दे दिया है और वह इस बिलासपुर जोन पर भी लागू है। इस पर याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने कहा कि उसने आज ही एक शपथ पत्र दाखिल कर यह बताया है कि अभी भी बिलासपुर जोन में पैसेंजर लोकल और मेमू ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में ही चलाई जा रही है और इनका नंबर जीरो से शुरू होता है, जो रेलवे में इस बात को बताता है कि उक्त ट्रेन स्पेशल ट्रेन है।

स्पेशल ट्रेन के परिचालन में अफसरों की दखलंदाजी

याचिकाकर्ता अधिवक्ता श्रीवास्तव ने बताया कि स्पेशल ट्रेन होने के कारण उसका कोई भी समय और स्टॉपेज या उसका चलना पूरी तरह रेलवे अधिकारियों के हाथ में होता है। स्पेशल ट्रेन के परिचालन में अचानक बदलाव कर दिए जाते हैं। इस कारण भी यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के डीआरएम को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्या अभी भी रेलवे बोर्ड के आदेश के बाद पैसेंजर लोकल और मेमू ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में ही चलाई जा रही है और अगर ऐसा है तो ऐसा क्यों किया जा रहा है। शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। जवाब दाखिल करने के लिए डीआरएम को एक सप्ताह का समय दिया गया है। अंतिम सुनवाई उसके बाद होगी।

मलेरिया पीड़ित ने तोड़ा दम, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मलेरिया और निमोनिया से पीड़ित होने के बाद इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक को सही समय पर दवा नहीं मिली, जिसकी वजह से उसकी जान चली गई। समझाइश के बाद परिवार वाले शव लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार मूलतः ओडिशा का रहने वाला तेजू महानंद स्टेशन रोड की फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि पिछले तीन-चार दिनों से उसकी तबीयत खराब थी, गुरुवार को स्थिति ज्यादा खराब होने पर फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। जांच के दौरान उसे मलेरिया और निमोनिया होने का पता चला। गंभीर स्थिति को देखते हुए निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे भर्ती करने की सलाह दी। कंपनी प्रबंधन के लोग तेजू को निजी अस्पताल में भर्ती करने के बजाए आंबेडकर अस्पताल ले आए। इमरजेंसी में जांच के बाद उसे वार्ड नंबर आठ में भर्ती किया गया था, जहां आज सुबह उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। तेजू के साथ अस्पताल में मौजूद शमीम खान सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में सही तरीके से उपचार नहीं मिला। कल दोपहर भर्ती किए गए मरीज को आज सुबह देखने के बाद डाक्टर ने एक दवा लिखी, मगर नर्सिंग स्टाफ ने दवा देने में गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से काफी समय तक तड़पने के बाद तेजू की मौत हो गई। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का तर्क है कि तेजू महानंद को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए लाया गया था। उसे आवश्यक इलाज दिया गया, मगर उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। समझाइश के बाद मान गए और शव लेकर चले गए।

- परिजनों का आरोप- आंबेडकर अस्पताल में सही समय पर दवा नहीं मिली

तीन सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर बनी अवैध दुकान तोड़ी गई

रायपुर न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत सारथी चौक के पास तीन सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर कब्जा कर वहां बनाई गई अवैध दुकान को नगर निगम टीम ने तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 44 के सारथी चौक के पास लगभग 3 सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति ने दुकान बनवा ली थी। इस संबंध में जोन कार्यालय में शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर निगम अधिकारियों ने जब भूमि का पता लगाया, तो पता चला कि भूमि शासकीय है, जिस पर अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया गया है। शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकान बनाने वाले को 7 सौ वर्गफीट की भूमि पट्टे पर आबंटित हुई है।

इस भूमि के अलावा व्यक्ति ने 3 सौ वर्गफीट शासकीय जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। इस मामले में निगम ने व्यक्ति को अवैध कब्जा हटाने के लिए 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी शासकीय भूमि को खाली नहीं किया जा रहा था। अधिकारी शुक्रवार को उड़नदस्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचा और अवैध दुकान को जेसीबी से तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

वीआईपी ड्यूटी से लौट रही पुलिस जीप की पिकअप के साथ आमने-सामने टक्कर

- टिकरापारा टीआई सहित अन्य पांच पुलिसकर्मी घायल
- पिकअप के ओवरटेक करने के दौरान हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना थाना क्षेत्र में वीआईपी ड्यूटी से लौट रही टिकरापारा पुलिस जीप की पिकअप वाहन में आमने-सामने टक्कर होने से टीआई सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के मुताबिक पुलिसकर्मियों की हालत ठीक है, किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना शुक्रवार दोपहर की है।

सीएसपी के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए टिकरापारा पुलिस की ड्यूटी माना हेलीपैड पर लगाई गई थी। दोपहर टिकरापारा टीआई सहित पुलिसकर्मी ड्यूटी से लौट रहे थे। इसी दौरान माना बस्ती के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक किया। पिकअप के ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही पुलिस टीम की गाड़ी के साथ सामने से टक्कर हो गई। पुलिस जीप की रफ्तार कम होने की वजह से बड़ी घटना टल गई और पुलिसकर्मियों को सामान्य चोटें आई हैं।

ज्यादातर पुलिसकर्मियों के सिर में चोटें लगी हैं। घटना के समय मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की जानकारी माना पुलिस को देने के साथ घायल पुलिसकर्मियों को उपचार कराने अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस तय अधिक वसूला तो होगी कार्रवाई- फीस विनियामक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों द्वारा अधिक फीस वसूली को लेकर प्रवेश व फीस विनियामक समिति ने अंतरिम फीस निर्धारित की है। इसके तहत तीन निजी मेडिकल कालेजों के एमबीबीएस व दो निजी मेडिकल कालेजों में संचालित स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों के फीस तय कर दिए गए हैं। फीस वर्ष-2024 से 2027 तक के लिए लागू होगी।

तय फीस में सभी सुविधा शामिल, अधिक नहीं ले सकते

फीस विनियामक समिति के अधिकारियों ने कहा है कि मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए अंतरिम तय फीस में सभी सुविधाएं शामिल हैं। संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि प्रति वर्ष तय किए गए फीस में मेडिकल छात्रों से यूनिफार्म, आइडी कार्ड, लेबोरेटरी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद, एनएसएस, भवन, फर्नीचर, उपकरण आदि मदों में कोई अतिरिक्त राशि वसूल नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की फीस की तय राशि से अधिक की वसूली हुई तो निजी मेडिकल कालेजों पर कार्रवाई की जाएगी।

सबसे अधिक फीस श्रीबालाजी में

प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति केअधिकारियों ने बताया कि श्री बालाजी इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस मोवा, रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और रिसर्च सेंटर नवा रायपुर और अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च, जुनवानी भिलाई के लिए हुए फीस निर्धारण में सबसे अधिक श्रीबालाजी में 8 लाख 2 हजार 7 सौ रुपये प्रति वर्ष फीस तय की गई है। रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और रिसर्च सेंटर एवं अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च जुनवानी भिलाई दोनों इंस्टिट्यूट में एमबीबीएस पाठ्क्रम के लिए 7 लाख 45 हजार 187 रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित किए गए है।

क्लीनिकल सीटों के लिए लगेगी ये रकम

रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) गोढ़ी में स्नातकोत्तर की क्लीनिकल सीटों के लिए 9 लाख 84 हजार से 500 रूपए प्रति वर्ष छात्रों को फीस देनी होगी। वहीं प्री-क्लीनिकल/ पैरा-क्लीनिकल के लिए प्रति वर्ष 7.92 लाख रुपये से 8.48 रुपए तक फीस तय हुई है। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस जुनवानी भिलाई में स्नातकोत्तर की क्लीनिकल सीटों के लिए 10 लाख 54 हजार रूपए प्रति वर्ष छात्रों को फीस देने होंगे। इसी प्रकार प्री-क्लीनिकल/पैरा-क्लीनिकल के लिए प्रति वर्ष 8 लाख 48 हजार 200 रुपये फीस तय की गई है। विनियामक समिति ने निजी मेडिकल कालेजों के निरीक्षण, जांच, पड़ोसी राज्यों में प्रचलित फीस की दर और छत्तीसगढ़ की स्थिति प्रति व्यक्ति औसत आय आदि तथ्यों को देखते हुए बैठक कर फीस तय की गई है।

माता कौशल्या संग तीजा त्योहार राजेश्री महंत करेंगे प्रथम आरती

- मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी अयोध्या से लाकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीरुराम को सौंप दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चित्रोत्पला लोककला परिषद और नगर पंचायत चंद्रपुरी जिले के ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से 2 सितंबर से 7 सितंबर तक भगवान श्रीराम के ननिहाल अर्थात माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी में आयोजित माता कौशल्या संग तीजा तिहार कार्यक्रम के पहले दिन माता कौशल्या की मूर्ति के स्थापना के समय 3 सितंबर को पहली आरती के अवसर पर दूधाधारी मठ के प्रधान राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास उपस्थित रहेंगे और पहली आरती उनके द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के व्यवस्था के संबंध में जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और लोगों को निमंत्रण भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अशोक तिवारी, राकेश तिवारी और डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने दूधाधारी मठ पहुंचकर राजेश्री महंतजी को निमंत्रण पत्र भेंट किया तथा उनसे 3 सितंबर की आरती में पधारने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। आयोजकों ने बताया कि इस छह दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन कोई विशिष्ट अतिथि आरती के समय उपस्थित रहेंगे। इन सभी दिनों में अलग-अलग धार्मिक सांस्कृतिक

गतिविधियां तो होंगी ही, साथ ही प्रसाद में केवल ठेठरी, खुरमी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को वितरित किए जाएंगे। मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी अयोध्या से लाकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीरुराम को सौंप दी गई है। मूर्ति निर्माण लगभग पूरा हो गया है। 2 तारीख को उसकी चंदखुरी में स्थापना की जाएगी, तब से लेकर 7 सितंबर तक नियमित पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। कलाकार राकेश तिवारी ने आयोजन के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी में माता कौशल्या की आरती तैयार कर रिकॉर्ड की है और उनकी सेवा में कुछ छत्तीसगढ़ी में भजन भी तैयार किए हैं।

लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने पहल महिला पत्रकारों के लिए कक्ष बनवाने सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भगवान जगन्नाथ के प्रति बचपन से ही प्रगाढ़ आस्था रही। उनकी भक्ति करते हुए सरायपाली व रायपुर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1980 में वकालत शुरू की। इंकम टैक्स से जुड़े केस देखते-देखते क्षेत्र के लोगों से मेल-जोल बढ़ा।

सरोकार से जुड़ा और छत्तीसगढ़ सर्व ओड़िया समाज का गठन करके उनके जीवन में बदलाव के साथ आस्था को सम्मान देते हुए पुरी के बाद भव्य मंदिर निर्माण के लिए पहल की। प्रभु की कृपा से जनता की सेवा का भी अवसर मिला, इन्हीं संवादों से रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा शुक्रवार को प्रेस से मिलिए में मुखातिब हुए। राजधानी में विधायक बनने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए पहल पहली प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं, इसे आगे भी जारी रखूंगा। श्री मिश्रा ने सवालों का

- उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रेस से मिलिए में की चर्चा

जवाब देते हुए कहा कि उत्तर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या इसलिए खत्म नहीं हुई, क्योंकि जिस तरह का प्रयास होना चाहिए था, वह शायद नहीं हो पाया। मेरा राजनीतिक जीवन प्रभु कि भक्ति व जनता की सेवा से जुड़ा है। अभी तक 15 करोड़ का विकास कार्य शुरू किया है। इनमें अधूरे नालों का निर्माण शामिल है। आगे कई प्रोजेक्ट लोगों को ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बना रहा हूं। इसमें आप लोगों की सलाह भी लूंगा । आज आपके बीच आया तो पता चला कि प्रेस क्लब में महिला पत्रकार बहनों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था की सुविधा नहीं मिल रही है। उनके लिए अलग से कमरा बनवाने 5 लाख रुपए देने की सहमति देता हूं। मेरी इच्छा है कि पत्रकार बहनों को सर्व सुविधा युक्त बैठक व्यवस्था जल्द दे सकूं।

खबर संक्षेप

तुमगांव में छात्राओं को बांटी गई साइकिल

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव के स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम में अध्ययनरत छात्राओं को मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रदीप चंद्राकर, रमेश अनिता रावटे, कार्यक्रम के अध्यक्ष पप्पू पटेल, स्कूल के प्रिंसिपल एल कुरील, सभापति धर्मेंद्र यादव, गंगा प्रसाद निषाद, राजू साहू, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, उत्तम निर्मलकर, पोषण निर्मलकर, कार्तिक सेन उपस्थित रहे।

तुमगांव में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

महासमुंद। शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। शिक्षकों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में बताया गया। भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को कृष्ण जन्माष्टमी कहते हैं, क्योंकि यह दिन भगवान कृष्ण का जन्मदिवस माना जाता है। इसी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। भगवान कृष्ण, बलराम, सुदामा, बालशखा के रूप धारण किए बालरूप का शिक्षकों एवं छात्रों ने तिलक लगाकर पूजा अर्चना किया। बच्चों द्वारा माखन चोर नंद किशोर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। सबसे अच्छे वेशभूषा धारण किए गए बच्चों को फल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक बलराम नेताम एवं बाल कैबिनेट, छात्र संघ, इको क्लब, स्वच्छता समिति के लेखराज धीवर, हेमेश विश्वकर्मा, कुणाल बांधे, मेहेंद्र साहू, मोहन साहू, अरविंद जांगड़े, विराट सभी सदस्य उपस्थित रहे।

गुरु बालकदास सेवा समिति ने की भोजन व्यवस्था

रायपुर। ग्राम बकतरा के भूतपूर्व सरपंच बोधिराम चतुर्वेदी का 18 अगस्त को निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार उसी शाम 6.30 बजे किया गया। इस दुखद घड़ी में ग्राम बकतरा की गुरु बालकदास सेवा समिति ने स्व. बोधीराम चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा समिति ने कपड़े के बदले पैसे देने के लिए प्रेरित किया एवं सभी मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था की। भोजन व्यवस्था में जितना भी खर्च आता है, उसकी व्यवस्था समिति के सदस्य करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अजय वंशे ने बताया कि गुरु बालकदास सेवा समिति का हर सदस्य प्रतिमाह 50 रुपए की सहयोग राशि जमा करता है। इस दौरान अजय वंशे, महेंद्र जांगड़े, चंद्रप्रकाश भारती आदि का सहयोग रहा। राहुल टंडन, लक्ष्मीकांत लहरी, विकाश भारती, महेंद्र चतुर्वेदी, राजकपूर भारती, सूर्यप्रकाश चतुर्वेदी, जयकुमार चतुर्वेदी, एवं अन्य साथियों का सहयोग रहा।

रंगमंच में मीटिंग के दौरान मारपीट

महासमुंद। ग्राम ढांक के रंगमंच में मीटिंग के दौरान मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को प्रार्थी हुकुमचंद नायक पिता तुलसीराम नायक ने बताया कि बस स्टैण्ड ढांक में मेरी चाय की दुकान दुकान है। रोज चाय दुकान बंद होने बाद गांव के दीपक नायक, लीलाधर नायक दोनों दुकान के सामने सिगरेट पीते थे, इसी बात पर 22 अगस्त को दीपक नायक व लीलाधर नायक के साथ विवाद हुआ था। जिसे लेकर 23 अगस्त को गांव के टांड़ापारा रंगमंच में मीटिंग हो रही थी। मीटिंग के दौरान रंगमंच के सामने में रात्रि करीबन 8.30 बजे दीपक नायक, लीलाधर नायक के दोस्त गांव के ही डिंपल ध्रुवंशी, ऋषि ध्रुवंशी, नितिन ध्रुवंशी, निखिल ध्रुवंशी ने एक राय होकर मेरे साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे।

पीएम जनमन योजना : अगले माह मेगा इवेंट और आईसीसी कैंपेन, मोदी वर्चुअल रूप से होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम की पहल पर छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबुझमाड़िया एवं बिरहोर बहुल बसाहटों में राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 23 अगस्त से 10 सितंबर तक मेगा अभियान चलेगा।

राज्य के 18 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) संचालित है। इन जिलों में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आगामी सितम्बर माह में मेगा ईवेंट और आईईसी कैंपेन का आयोजन होगा। माह सितम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होकर विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के साथ संवाद करेंगे। गौरतलब है कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन का शुभारंभ किया था।

जन मन जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मेगा ईवेंट के अतिरिक्त बाकी सभी पीएम-जनमन के जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी आयोजनों में झारखण्ड राज्य से प्रधानमंत्री का संबोधन और संवाद सुचारु रुप से देखने और सुनने के लिए टू-वे-कनेक्टिविटी की आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। इन आयोजनों में स्थानीय विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति को लाभान्वित किया जाएगा। इस दौरान सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि लाभार्थी सतृप्ति शिविरों का आयोजन 23 अगस्त 2024 से 10 सितंबर 2024 तक किया जाना है। इन शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम मातृत्व वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सिकल सेल की जांच एव मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं आदि से लाभान्वित की जानी है। इसका उद्देश्य सभी पीवीटीजी बसाहटों में तात्कालिक गतिविधियों की शत-प्रतिशत संतृप्ति की जानी है। प्रदेश में भारत सरकार द्वारा घोषित 05 विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह क्रमशः बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर जनजाति समूहों तथा बसाहटों के त्वरित विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना क्रियान्वित की जा रही है।

मुख्य आयोजन झारखंड में

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम जनमन योजना के तहत झारखंड में आयोजित किए जा रहे हैं राष्ट्रीय मेगा ईवेंट में शामिल होंगे तथा देश के सभी पीवीटीजी बसाहट वाले जिलों को संबोधित करते हुए टू वे कनेक्टिविटी के माध्यम से संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति वाले किसी एक जिले में राज्य स्तरीय मेगा ईवेंट के लिए चिन्हित किया जाएगा।

हलषष्ठी : पूजा–अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

पसहर चावल की खिचड़ी खाकर व्रत तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसींवा

भादों माह के कृष्ण पक्ष षष्ठी को मनाए जाने वाले हलषष्ठी पर्व पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। बिलासपुर की महिलाएं इस व्रत पूजा को परंपरागत और विधान से संपन्न करने के लिए सुबह से ही निर्जला उपवास रखी। पूजा के लिए जगह का चयन कर व्रत कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महिलाओं ने पसहर चावल, सुहाग सामाग्री व अन्य पूजन सामाग्रियों को विधान के अनुसार एकत्रित किया। व्रत के लिए आंगन में छोटा गड्ढा खोदकर तालाब का निर्माण किया गया। तालाब के किनारे कांशी, बेर व परसा के डाल को आच्छादित किया गया। छठ माता पूजा के दौरान पलास के पत्ते में षष्ठ महादेवियों की प्रतिमा स्थापित की गई। यह एक ऐसा व्रत है, जिसे नवविवाहिता महिलाएं संतान कामना के लिए रहती हैं तथा माताएं संतान के सुख समृद्धि व दीर्घायु के लिए करती हैं। महिलाओं द्वारा हलषष्ठी को प्रसन्न करने के लिए भैंस के दूध, दही, घी से पूजन किया जाता है। पसहर चावल व 6 प्रकार की पत्तियों से बनी सब्जियों को भोग के रूप में चढ़ाया गया। संतान सुख के लिए माता को प्रसन्न करने हेतु मिट्टी के खिलौने भी पूजन सामाग्रियों के साथ व्रत के दौरान चढ़ावा किया गया। गांव के अलग अलग क्षेत्रों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से छठमाता की पूजा की। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रें में हलषष्ठी की पूजा महिलाओं ने परिवार के सुख-समृद्धि सहित पति व संतान के दीर्घायु की कामना की।

दीपक से सजा सगरी कुंड

सुहेला। हलषष्ठी पर्व अंचल में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन महिलाओं ने संतान सुख और पारिवारिक समृद्धि के लिए विशेष रूप से पूजा की। पूजा का आरंभ प्रातःकाल से हुआ। व्रतधारी महिलाओं ने बताया की पूजा के लिए शुभ स्थान पर 2 कुंड बनाये। इन कुंडों को बेल पत्र, फूल, पसहर चावल, भैंस का दूध दही से पूजा की। इस दिन व्रतधारी पसहर चावल, 6 प्रकार के भाजी, भैंस के दूध का दही सेवन किए। भगवान से सन्तान सुख समृद्धि की। कुंड के चारों ओर दीपक जलाएं और पूजा विधि के अनुसार देवी–देवताओं की पूजा की।

मूरा में कमरछठ पर्व मना

बंगोली। समीपस्थ ग्राम मूरा में शनिवार को ग्रामीणों द्वारा सन्तान की प्राप्ति, सन्तान की सौभाग्यता और दीर्घायु आयु की कामना को लेकर धूमधाम के साथ कमरछठ का त्यौहार मनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुरोहित ने विधि विधान के साथ माता हलषष्ठी की पूजा कराई। इसके बाद आचार्य शर्मा द्वारा माता हलषष्ठी के व्रत के संबद्ध में कथा भी सुनाई। कथा सुनने महिलाएं अधिकाधिक

लापता लड़की को पुलिस ने चंदघंटों में ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बलौदाबाजार जिले के पलारी में दो महीने से लापता लड़की को लेकर कुर्मी समाज और धार्मिक संगठनों में गहरी नाराजगी थी। उनके दबाव के चलते पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़की को कुछ ही घंटों में खोज निकाला। लड़की के मिल जाने के बाद, कुर्मी समाज और धार्मिक संगठनों ने पलारी थाने का घेराव करने की अपनी योजना को स्थगित कर दी। उन्होंने इस त्वरित कार्रवाई के लिए एसपी विजय अग्रवाल से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने पलारी थाने के टीआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई, जो मामले की जांच में देरी के लिए जिम्मेदार माने जा रहे थे। एसपी विजय अग्रवाल ने समाज और संगठनों को भरोसा दिलाया कि वे इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे और इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाएंगे। समाज और संगठनों की त्वरित प्रतिक्रिया और एसपी की सक्रियता ने इस मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- समाज ने थाना घेराव स्थगित कर एसपी का आभार व्यक्त किया

थाना घेराव की चेतावनी के बाद अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में सामाजिक आंदोलन के बाद हुई आगजनी और तोड़ फोड़ के मामले से डरी पुलिस प्रशासन ने धार्मिक संगठन और कुर्मी समाज की चेतावनी को गंभीरता से लेकर पलारी नगर में थाना घेराव को कंट्रोल करने भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी, जिससे पूरे नगर में जगह-जगह पुलिस नजर आयी।

संस्कृत भाषा लोगों के व्यवहार व शालीनता को प्रकट करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट माध्यम विद्यालय में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता संजय सेन संस्थापक आदर्श जनकल्याण सेवा समिति व भुनेश्वर सारथी थे। छात्रों ने संस्कृत में वंदना व स्वागत गीत गाया। संचालन शाहिना परवीन व्याख्याता ने संस्कृत भाषा में ही किया। छात्र पूर्वा वर्मा ने भाषण, दामिनी साहू दसवीं ने गीत भारतम, भारतम, भवतु भारतम गीत प्रस्तुत किया। सानिया ने विभिन्न श्लोकों को गाकर व अर्थ सहित प्रस्तुति दी। विद्या देवांगन दसवीं ने महाकवि कालिदास की रचनाओं को रेखाकिंत करते हुए प्रस्तुति दी। सोनिया देवांगन, योगिता भारती ने संस्कृत में अपनी प्रस्तुति दी।अनीस सेन बारहवीं, माया देवांगन, रेशमा के विचार भी प्रसंशनीय रहे। मुख्य वक्ता संजय से ने कहा कि संस्कृत वैश्विक भाषा है। यह लोगों के व्यवहार व शालीनता को प्रकट करती है। यह हमारी संस्कृति, संस्कार, व्यवहार को उच्च स्तर पर प्रदर्शित करती है। प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि आज हमारे ऋषि मुनियों को सम्मान करने का उन्हें स्मरण करने का दिवस है। उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने कहा कि संस्कृत भाषा, सर्व भाषा की जननी है। इसी भाषा में कहा गया है कि मधुवाता ऋतायते अर्थात सत्यनिष्ठा पवित्रता व सुचिता वेदमंत्रें में कहा गया है कि सत्यनिष्ठा आचरण निष्ठा व्यक्ति के व्यवहार को मधुर बनाती है उसके लिये सम्पूर्ण प्रकृति सकारात्मक ऊर्जा से भर जाती है। इस अवसर पर व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार यादव, महेंद्र साहू, संगीता नायक, रीता रानी वर्मा, चमेली खरे, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बृजेश्वरी महिलांगे, गीतांजलि पान, शिवांगी निषाद, अमर बर्मन सहित छात्र संघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

- भरत देवांगन विद्यालय में संस्कृत सप्ताह मना

सशिमं में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी...

खरोरा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में विद्यालय स्तर पर भव्य रूप से कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोउल्लास से सम्पन्न हुई। इसमें कक्षा अरूण उदय के छात्रों ने श्रीकृष्ण वेशभूषा में कक्षा प्रथम व द्वितीय के छात्र-छात्राओं ने श्रीराधाकृष्ण वेशभूषा में भाग लिये। कक्षा तृतीय से चतुर्थ तक के छात्र-छात्राओं ने राधाकृष्ण नृत्य में हिस्सा लिये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेतन प्रसाद द्विवेदी विशिष्ट अतिथि, रोहित वर्मा द्वारा श्री कृष्ण के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

पौंसरी स्कूल में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंडके शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में अंतरिक्ष दिवस के मौके पर बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रूचि जागृत करने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर और निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज एवं पेटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान संबंधित 30 मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया गया। शिक्षिका भारती वर्मा ने चंद्रयान 3 के बारे में बच्चों को बताया कि चंद्रयान –3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अन्तरिक्ष केंद्र से लांच किया गया था। इस मिशन को साइंस आफ द मून का नाम दिया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान ने चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव में सफल लैंडिंग किया। इस ऐतिहासिक क्षण को चिर स्थायी बनाने के लिए और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष में रूचि जागृत करने के लिए 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया है। जिसमें हमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना है और घर में भी अपने बड़ों से इस पल को साझा करना है। इस अवसर पर शाला में बच्चों के द्वारा चन्द्रमा पर आधारित गीत, कविता, कहानी आदि सुनाई गई और चंद्रयान से सम्बन्धित चित्रकारी भी की गई। बच्चों ने चंद्रयान का पेपर मॉडल भी बनाकर प्रदर्शित किया। बुजुर्गों द्वारा चन्द्रमा पर आधारित कहानी बच्चों को सुनायी गई। शाला की प्रधानपाठक पुष्पलता नायक, शिक्षिका लभाष जांगड़े, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता दुर्गा सेन का विशेष सहयोग रहा।

प्रतिभावान छात्र सम्मानित

सिमगा। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, केवल समाज के प्रोत्साहन से उनमें आत्मविश्वास जागता है। समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है।उक्त विचार प्रतिभा सम्मान समारोह में स्व. सरदार खान स्मृति ट्रस्ट जामा मस्जिद हथबंद के अध्यक्ष मुबारक हुसैन ने व्यक्त किए। गत दिवस हथबंद में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2023 की 8 वीं, 10 वीं, एवं 12 वीं के टापरो का सम्मान किया गया। इसमें 12 वीं में शांति वर्मा 90 प्रतिशत,10 वीं में सुनीता 87, प्रतिशत, 8 वीं में रामेश्वर साहू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता–पिता और समाज का नाम रौशन किया। उक्त समारोह में आनंद अग्रवाल, मुबारक हुसैन, ताज खान, मानव सेवा संस्थान के डा. उत्तम बिस्वास उपस्थित थे।

स्वयंसेवकों ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर ने भगवान श्री कृष्ण, राधा कि पूजा अर्चना, आरती की। स्वयं सेवकों ने मटका फोड़ का भी आयोजन किया। स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत का आयोजन किया। प्राचार्य ने सभी स्वयं सेवकों को एवं उनके परिवार को कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, शशिभूषण गायकवाड़, उर्मिला नेताम, प्रेमेशवरी नेताम, पुनम धीवर, राधा दीपिका धृतलहरे, स्वयं सेवक अध्यक्ष मंजु कैवत, उपाध्यक्ष शालिनी धीवर, सचिव वर्षा धीवर, सहसचिव दुर्गेशवरी चेलक एवं स्वयं सेवक उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

आशीष भारत गौरव सम्मान अवार्ड से सम्मानित

गिधौरी। जबलपुर मध्यप्रदेश के मानस भवन में 14वीं वर्षगाठ पर भारतीय इंजीनियरिंग छात्र संगठन द्वारा आयोजित गौरव सम्मान

कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के ग्राम कुम्हारी निवासी आशीष पटेल को भारत गौरव सम्मान अवार्ड एवं मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शैलेन्द्र पटेल, प्यारे लाल पटेल, विनोद कोटवार, विजय पटेल, निलम प्रसाद श्रीवास, दिनेश पटेल, कृष्ण चरण पटेल आदि ने हर्ष जताया।

सब्जी मार्केट से बाइक की चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। स्थानीय सब्जी मार्केट से किसी अज्ञात शख्स द्वारा बाइक की चोरी कर लेने का घटना सामने आया है। पुलिस ने बताया है कि मोहित वंशे पिता केदार वंशे कुम्हारपारा महासमुंद निवासी अपनी मोटर सायकल होंडा साइन क्र.सीजी 06 जीए 5738 से शाम को सब्जी मार्केट महासमुंद गया था। बाइक को सब्जी में मार्केट में खड़ी किया था, कुछ समय बाद वापस आया तो मोटर सायकल वहां नहीं था। प्राथी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धारा भारतीय न्याय संहिता 303(2) के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

25 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। देशी महुआ शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब जब्त करते हुए आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 23 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सीएचसी रोड सरायपाली से 2 व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब रख कर परिवहन कर रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्तियों से पूछताछ की, जिस पर उन्होंने अपने नाम आकाश डहरिया पिता पूरन डहरिया (20 वर्ष) अंबेडकर नगर वार्ड नं 1 सरायपाली व हरीश रोतिया पिता विजय रोतिया (18 वर्ष)निवासी अम्बेडकर नगर वार्ड नं 1 सरायपाली का निवासी होना बताए। जिनके कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 3 पॉलीथिन के अंदर प्रत्येक में 5 -5 लीटर कुल 15 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 3000 रुपए, एक नीले रंग के पिट्ठू बैग में रखे 2 पॉलीथिन में प्रत्येक में 5 -5 लीटर कुल 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 2000 रुपए व 1 नग मो. सा. कीमत 80,000 रुपए कुल 85,000 रुपए जब्त किया गया।

महिलाओं ने की कमरछठ पूजा

महासमुंद। शहर के वार्ड नंबर 13 पंजाबी पारा रामेश्वरी दुर्गा मंदिर के पास कमरछठ पर्व मनाया गया। सुहागिनें महिलाएं अपने संतान और परिवार के सुख समृद्धि के लिए दिनभर व्रत रह कर पूजा अर्चना की। इसमें पूर्व पार्षद उषा पाल सहित इंदिरा सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा, आशा सिन्हा, गूंजा सिन्हा, रिंकी सिन्हा, परिवार की समस्त महिलाएं आदि मौजूद रहीं।

निधन

दयाबती साहू

भवानीपुर। ग्राम भवानीपुर निवासी



दयाबती साहू 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भवानीपुर में किया गया। वह मुखीराम साहू, भैया राम साहू, उत्तम साहू की माता एवं शिक्षक युद्धेश्वर साहू, कोमल प्रसाद साहू की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में आसपास के ग्रामीण शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेले में चाकचौबंद व्यवस्था बनाने की कवायद जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

संत शिरोमणि गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी रहे गुरु बालकदास की जयंती पर गिरौधपुरीधाम में होने वाले तीन दिवसीय मेले की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को गिरोदपुरीधाम पहुंचे।

उन्होंने सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास और बाबा बालकदास के मंदिर में पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात मंदिर के पुजारी से मेला के संबंध में जानकारी लेते हुए एसडीएम व तहसीलदार को मेले के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेला स्थल पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग बनाने, पीने के पानी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करने, दर्शन करने गिरौधपुरी आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने की उचित व्यवस्था, पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे से सतत निगरानी करने, परिसर में प्रकाश के लिए लाइट की व्यवस्था, बारिश की संभावना को देखते हुए उसके अनुसार समुचित व्यवस्था करने, मेला स्थल पर मेडिकल टीम की तैनाती, मंदिर की सीढ़ियों में कालीन लगाने जिससे दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

मेले की तैयारियों का जायजा लेने गिरौधपुरी धाम पहुंचे कलेक्टर

शांतिपूर्वक और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मेला का कार्यक्रम आयोजित हो

इन सभी की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंदिर के पुजारी से बात करते हुए कहा कि मनखे–मनखे एक समान का पालन करते हुए और बाबा साहब के शांति के मार्ग में चलते हुए शांतिपूर्वक और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मेला का कार्यक्रम आयोजित हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह आप सभी के साथ है। इस दौरान एसडीएम आरआर दुबे सहित तहसीलदार, पटवारी, मंदिर के प्रमुख पुजारी राजेश कुमार मिरी, पुजारी नारायण बर्मन, मोहन बंजारे, गुहाराम सोनवानी, कौशल प्रसाद मिरी, मेला स्थल संरक्षक कृष्णा मिरी सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

बैठक : बलौदाबाजार कांड में बंद निर्दोष लोगों को नि:शर्त रिहा करें

सर्व छत्तीसगढ़िया समाज करेगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, 76 प्रतिशत आरक्षण लागू करने एवं बलौदाबाजार घटना के निर्दोष लोगों को निःशर्त रिहा करने की मांग को लेकर सर्व छत्तीसगढ़िया समाज एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार ने डॉ. खूबचंद बघेल के नाम से स्वास्थ्य सहायता योजना का शुभारंभ किया था, जिसे वर्तमान सरकार ने नाम परिवर्तित करते हुए उक्त योजना का नाम शहीद वीर नारायण सिंह के नाम से कर दिया है।

जिसका छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा पुरजोर विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन एवं प्रेसवार्ता कर नाम यथावत रखने निवेदन किया था, अन्यथा की स्थिति में छत्तीसगढ़ में सर्व छत्तीसगढ़िया समाज को साथ लेकर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करने कहा गया था।

उसी कड़ी में 22 अगस्त को न्यू राजेंद्र नगर स्थित सतनाम भवन में, सर्व आदिवासी समाज, सर्व यादव समाज, सर्व सतनामी समाज, सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रमुखों ने बैठक कर कार्ययोजना बनाई है। सभी ने एक स्वर में पूरे समाज के समस्यायों को लेकर छत्तीसगढ़ के जिलों में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने सहमति व्यक्त किए है। चाहे वह डॉ. खूबचंद बघेल का नाम परिवर्तन हो, 76 प्रतिशत आरक्षण की बात हो, बलौदाबाजार घटना में निर्दोषों की निःशर्त रिहाई की बात हो, विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी की बात हो, छत्तीसगढ़ में विशुद्ध छत्तीसगढ़िया चेंबर ऑफ कामर्स के गठन की बात हो आदि मुद्दों को लेकर सर्व छत्तीसगढ़िया समाज पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ, एक समय पर जिला मुख्यालय में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासन को अवगत कराएंगे।

इसके लिए टीम का गठन भी कर लिया गया है। उक्त बैठक में सर्व यादव समाज के प्रांताध्यक्ष रमेश यदु एवं सर्व आदिवासी समाज के मुखिया बीएस रावटे ने 76 प्रतिशत आरक्षण मुद्दा और बलौदाबाजर घटना में निर्दोष लोगों की निःशर्त रिहाई की बात प्रमुखता से उठाया, जिसे सभी समाज प्रमुखों ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया।

28 अगस्त को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अनंत राम बरछिहा की जयंती समारोह ग्राम कौशिल्या धाम चंदखूरी में आयोजित है, जहां बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग एकत्रित होंगे। उसी मंच से समस्त मुद्दों पर अंतिम निर्णय लेते हुए घोषणा की जायेगी कि किस दिनांक को ज्ञापन सौंपा जाना है, तथापि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में किस प्रकार शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन,आंदोलन की क्या रूपरेखा होगी, तय किया जायेगा।

नाम बदलने से कोई महापुरुष छोटा या बड़ा नहीं होता

सभी प्रबुद्ध समाज सेवकों ने कहा कि कोई महापुरुष छोटा या बड़ा नहीं होता। नाम परिवर्तन की राजनीति छत्तीसगढ़ की संस्कृति नहीं है। सरकार को शहीद वीर नारायण सिंह के नाम से कोई बड़ा योजना लागू करना चाहिए। सर्व समाज वीर नारायण सिंह का आदर पूर्वक समान करता हैं, उनके नाम से कोई विरोध नहीं है। उक्त बैठक में यादव समाज की ओर से रमेश यदु, आदिवासी समाज की ओर से बीएस रावटे, प्रगतिशील सतनामी समाज की ओर से आरपी भतपहरी, एसके सोनवानी, सर्व समाज की ओर से उमाकांत वर्मा, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज से डॉ. केके नायक, रघुनंदन लाल वर्मा, ऋषि कुमार वर्मा, खोड़स कश्यप, डॉ. एपी नायक, आरसी वर्मा, संतोष आड़ील आदि उपस्थित थे।

शिक्षक संघ ने युक्तियुक्तकरण का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला शाखा सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा प्रांत इकाई के आह्वान पर छत्तीसगढ़ की शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण 2024 में व्याप्त विसंगतियों के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए बिंदुवार विसंगति दर्शाते हुए उनका त्वरित निराकरण करने मुख्यमंत्री, सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। साथ ही एकजुट होकर विसंगतियों के विरोध में आवाज बुलंद की। इस अवसर पर किशोर तिवारी, प्रफुल्ल यादव संभागीय पदाधिकारी, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष योगेंद्र पड़वार बीएल चंद्राकर संरक्षक, ब्लाक अध्यक्ष पंचराम साहू, भगवान प्रसाद दुबे तहसील अध्यक्ष सरसीवा, रामदास जांगड़े तहसील अध्यक्ष बिलाईगढ़, बुद्धेश्वर कश्यप तहसील अध्यक्ष भटगांव, नवल किशोर दुबे, कमलेश्वर साहू तहसील सचिव भटगांव, जयंती लाल कुर्रे, दिलीप कुमार ओहदार, अगरदास निराला, महेंद्र साहू, चौतन्य साहू, लोकनाथ मानिकपुरी, डाबर साहू, महेत्तर देवांगन उपस्थित थे।

पेंड्रावन जलाशय के हितधारकों का हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

पेंड्रावन जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता मजप डिसनेट संभाग क्रमांक-3, तिल्दा-नेवरा के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान रायपुर के साथ शुक्रवार को नवीन विश्राम गृह बंगोली में पेंड्रावन जलाशय अंतर्गत हितधारकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान रायपुर के प्राध्यापक डॉ. समीर बाजपेयी, क्षितिज उपाध्याय एवं टीम, कार्यपालन अभियंता केके खरे, अनुविभागीय अधिकारी एमपी वर्मा, सहायक अभियंता डी आर भारद्वाज, उपअभियंता सौरभ मिंज, उपअभियंता प्राची ध्रुव, स्थल सहायक हुमन लाल साहू, स्थल सहायक संतोष ठाकुर, अमीन रूपेश वर्मा, अमीन कुणाल साहू एवं अन्य स्टाफ तथा सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा रविशंकर वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत देवगांव महेश वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत निलजा शेखर वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत सारागांव पुन्नी बाई देवांगन, सरपंच ग्राम पंचायत मोहरेंगा सरजू राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत रायखेडा संतोष कुर्रे, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत बरौंडा, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पिकरीडीह, मां बम्लेश्वरी मत्स्य पालन समिति अध्यक्ष भागबली ध्रुव, ग्राम पंचायत बंगोली के कृषक नरोत्तम एवं अन्य कृषकगण तथा अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की उपस्थिति में पेंड्रावन जलाशय से संबंधित जानकारी दी गई एवं सुझाव लिए गए। सम्मेलन को डॉ. समीर बाजपेयी, क्षितिज उपाध्याय, केके खरे, एमपी वर्मा, सौरभ मिंज, प्राची ध्रुव, कुणाल साहू द्वारा संबोधित किया गया।

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग में जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

इन दिनों गिधौरी से धार्मिक नगरी शिवरीनारायण पहुंच मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं और जगह-जगह घुटनों तक लबालब पानी भरा हुआ है, जो जानलेवा साबित हो रहा है। भारी वाहनों के दबाव के कारण सड़क बेहाल है। गड्ढे इतने बड़े हो गए हैं कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

- गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना की आशंका बढ़ी

गिधौरी-शिवरीनारायण की दूरी मात्र 1 किलोमीटर है, परंतु गिधौरी वनोपज जांच नाका के पास सड़क गड्ढे होकर पोखर में तब्दील हो गए है और गेट के पास लबालब पानी भरा रहता है तो शिवरीनारायण गार्डन के समीप मोड़ के पास भारी भरकम गड्ढा बन गया है, जिससे आने जाने वाले वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलने वाले राहगीरों को बड़े गड्ढों से साइड देने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। गिधौरी शिवरीनारायण पहुंच मार्ग पर महानदी शबरी सेतु रोड जर्जर अवस्था में है, लेकिन विभाग द्वारा मरम्मत कार्य नहीं किया जा रहा है।

जगह-जगह गड्ढे से चलना मुश्किल हो गया है। गिधौरी, शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पुल में कहीं-कहीं क्षमता से ज्यादा बड़े वाहनों का चलना तथा शबरी सेतु पुल पर जगह-जगह गड्ढे हो गये हैं। हर बार विभाग के अधिकारी को जानकारी मिलने पर भी सुध नहीं ले रहे हैं।

प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज नहीं कर सकेंगे सरकारी डॉक्टर

बलौदाबाजार। शासकीय अस्पतालों में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों के लिए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों मे काम कर रहें डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल में अपनी सेवाएं नहीं दे सकते अर्थात नौकरी नहीं कर सकते हैं। यह नियम पहले से ही राज्य में लागू है। ऐसे में इसे रीमाइंड स्वरूप जारी किया गया है। शासकीय सेवारत चिकित्सक व्यक्तिगत रुप से प्राइवेट प्रेक्टिस कर सकते हैं, लेकिन कर्तव्य अविध अर्थात हॉस्पिटल की कामकाजी समय के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे। अस्पताल में ड्यूटी का समय समाप्त होने के बाद ही लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस कर सकेंगे।

स्वयंसेवकों ने अंतरिक्ष दिवस पर बनाया माडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान, बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने पहला अंतरिक्ष दिवस पर माडल, चित्रकला, पेंटिंग बनाकर इसरो के महान वैज्ञानिकों को बधाई दी। प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर ने कहा इसरो के महान वैज्ञानिकों द्वारा चन्द्रयान–3 की दक्षिणी ध्रुव में सफल लैंडिंग कराकर भारत को दुनिया का पहला देश बना दिया। उन वैज्ञानिकों से दुनिया में भारत के वैज्ञानिकों का लोहा मनवाया। प्रभारी प्राचार्य ने उन वैज्ञानिकों के तरह बच्चों को अच्छा पढ़–लिखकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करने प्रोत्साहित किया। माडल, चित्रकला पेंटिंग के लिए उन्होंने सभी छात्र एवं छात्राओं को बहुत बहुत बधाई दी। इस मौके पर शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, कैलाश साहू, शशि भूषण गायकवाड़, उर्मिला नेताम, प्रेमेशवरी नेताम, सतीश कुमार, स्वयं सेवक अध्यक्ष मंजु कैवतय, पुनम धीवर, वर्षा धीवर, शालिनी धीवर, दुगेशवरी चेलक, पुष्पा धृतलहरे, जागेश्वरी निषाद आदि ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

गुजरात के सूरत में 4 से 12 नवम्बर तक होने वाली स्पर्धा में लेंगे हिस्सा

जिले के खिलाड़ियों ने कूडो में 10 मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

तृतीय राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप का आयोजन स्वामी विवेकानंद भवन दुर्ग में 20 से 23 अगस्त तक आयोजित हुआ। इसमें सारंगढ़-बिलाईगढ़ कूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष छेड़ी लाल साहू और सचिव चन्दन चौहान, मैनेजर अश्वनी बंजारे के मार्गदर्शन में लगभग 17 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिए।

इसमें शिवम साहू गोल्ड मैडल, धैर्य भारती गोल्ड मैडल, धनंजय साहू ब्राझ मैडल, धनराज लहरे सिल्वर मैडल, वहीं महिला खिलाड़ियों में लकी कुमारी गोल्ड मैडल, यशोदा पटेल सिल्वर मैडल, संध्या साहू ब्राझ मैडल, नंदनी यादव ब्राझ मैडल, श्रेया चौहान ब्राझ मैडल प्राप्त कर खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन किया।

छत्तीसगढ़ कूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा कौशल ने बताया कि कूडो खेल एक फूल कांटेक्ट नॉक आउट गेम है, जिसमें प्रतिद्धिद्धी को नॉकऑउट किया जाता है। यह खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त है, जिसमें खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में और शासन-प्रशासन से भी लाभ मिलेगा और खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं। इसमें सीनियर कैटेगरी के खिलाड़ियों को खेल विभाग एवं शासन से अनुदान प्राप्त होगा।

पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया गया है, जो गुजरात के सूरत में 4 से 12 नवम्बर तक आयोजित होगा।

छत्तीसगढ़ कूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा कौशल, सारंगढ़ बिलाईगढ़ कूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष छेदीलाल साहू, सचिव चन्दन चौहान ने जिले के सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।